# आरपीएस आंचलिया को एसीबी की क्लिन चिट, हाईकोर्ट ने लगाई मोहर

## एनआरआई द्वारा एसीबी में दर्ज कराए हाईप्रोफाईल मामला

**उदयपुर,** । एनआरआई द्वारा एसीबी में आरपीएस जितेन्द्र आंचलिया व अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट जांच में एजेंसी ने अपना ही निर्णय पलटते हुए आरपीएस व दो अन्य के खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं मानते हुए उन्हें क्लिन चिट दे दी है। जांच एजेंसी ने सिर्फ उप निरीक्षक रोशनलाल को ही आरोपी माना है। राजस्थान हाईकोर्ट ने भी जांच एजेंसी के निर्णय पर अपनी मोहर लगा दी है। एनआरआई की सीबीआई जांच की याचिका को भी हाईकोर्ट ने नामंजूर कर दिया।

एनआरआई नीरज पूर्बिया की ओर से एसीबी में आरपीएस जितेन्द्र आंचलिया व अन्य के खिलाफ दर्ज कराये गए मामले में ब्यूरो ने विस्तृत जांच-पडताल की। जांच एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट को पलटते हुए आरपीएस जितेन्द्र आंचलिया व दो अन्य मनोज श्रीमाली व रमेश राठौड के खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं मानते हुए मामले में क्लिन चीट दी। जांच एजेंसी ने सिर्फ उप निरीक्षक रोशनलाल को आरोपी माना है। इस संबंध में महानिदेशक एसीबी ने 29 जनवरी को ही जांच एप्रूव कर आदेश पारित कर दिए थे। जांच एजेंसी के निर्णय के खिलाफ परिवादी एनआरआई नीरज पूर्बिया द्वारा हाईकोर्ट में अपील की और राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपिति फरजंद अली की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जांच एजेंसी के आरपीएस जितेंद्र आंचलिया व दो अन्य मनोज श्रीमाली व रमेश राठौड को मामले में एजेंसी द्वारा क्लिन चिट देने के निर्णय की पुष्टि करते हुए आदेश में लिखा कि इनके खिलाफ जब कोई मामला ही नहीं बनता है तो क्यों इन्हें बेवजह झूठा फंसाया गया है। एनआरआई द्वारा मामले की सीबीआई द्वारा जांच की याचिका भी खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने इस संबंध में विस्तृत पूरक रिपोर्ट उदयपुर ट्रायल कोर्ट में पेश करने के लिए एसीबी को निर्देशित किया

- **सीबीआई जांच की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज**

है। एनआरआई व अन्य की याचिकाओं पर सभी पक्षों की दलीलों व मामलों में एसीबी द्वारा पेश विस्तृत सबूतों के आधार पर खंडपीठ के न्यायाधिपति ने यह फैसला सुनाया है।

मामले की सुनवाई के दौरान एसीबी के महानिदेशक रवि महेरडा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट रूम से जुडे रहे एवं अदालत में जांच एजेंसी का पक्ष रखा। कोर्ट में सवालों के जवाब देते रहे। डीजी एसीबी ने कोर्ट को बताया कि आरपीएस जितेंद्र आंचलिया के विरूद्ध कोई मामला नहीं बनता है। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच में विवाद समाप्त कराने के लिए शांति समझौता कराया जो उनकी ड्यूटी का पार्ट था। आंचलिया ने कुछ गलत नहीं किया है और ना ही उनके द्वारा अपने पद एवं अधिकारों का दुरूपयोग किया गया।

उल्लेखनीय है कि परिवादी एनआरआई नीरज पूर्बिया ने आरोप लगाए थे कि उनकी भाभी द्वारा सुखेर थाने पर दर्ज कराए गए मामले में पुलिस अधिकारियों ने उस पर गिरफ्तारी का भय दिखाकर दबाव बनाकर समझौता कराया जिसके तहत उसे अपना ही भूखंड अपनी ही भाभी लवलीना पूर्बिया से खरीदना पडा। इस संबंध में एसीबी ने कार्यवाही करते हुए सुखेर थाने के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर रोशनलाल के साथ आरपीएस जितेंद्र आंचलिया व दो अन्य मनोज श्रीमाली व रमेश राठौड के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया था। मामले में लवलीना व अन्य के खिलाफ जांच जारी रखी गई थी। दोबारा हुई जांच में भाई की सम्पत्ति हडपने के लिए आरपीएस जितेन्द्र आंचलिया व अन्य लोगों को झूठा फंसाने की एनआरआई नीरज पूर्बिया की साजिश का राजफाश हुआ। जब एसीबी के पूर्व जांच अधिकारी ने एसआई रोशनलाल के साथ डिप्टी जितेन्द्र आंचलिया व दो अन्य मनोज श्रीमाली व रमेश राठौड के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था तो डिप्टी आंचलिया की याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर खण्डपीठ ने आरोपों पर रोक लगाते हुए पूरे मामले में एसीबी व राज्य सरकार को तलब किया गया तब राज्य सरकार द्वारा कराई गई उच्चस्तरीय जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए कि डिप्टी जितेन्द्र आंचलिया पर तो कोई मामला नहीं बनता है। एनआरआई नीरज पूर्बिया के कैंसर से मरे सगे छोटे भाई नीलेश पूर्बिया की सम्पत्तियां हडपने के लिए साजिश रचकर अपनी विधवा भाभी लवलीना पूर्बिया के साथ डिप्टी जितेन्द्र आंचलिया व अन्य लोगों के खिलाफ एसीबी में झूठा आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था।

## अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि

**उदयपुर,** । कांग्रेस नेता और आरसीए के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन व कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड, भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड, पूर्व राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर ने बुधवार को शंभू निवास पहुंचकर अरविंद सिंह मेवाड की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने उनके सुपुत्र डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

कांग्रेस नेता वैभव गहलोत ने कहा, श्रीजी का निधन हम सभी के लिए दुखद है। जिस तरह से उन्होंने उदयपुर को अपनी पहचान दी, शहर उन्हें हमेशा याद रखेगा। इसके साथ ही वे पर्यटन, कला, संस्कृति, धरोहर और परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन के संरक्षक थे, उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन और कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड ने कहा अरविंद सिंह मेवाड का निधन हम सभी के लिए बहुत बडी क्षति है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में बहुत काम किया। टूरिज्म सेक्टर को श्रीजी की कमी खलेगी। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड ने कहा, श्रीजी ने महाराणा प्रताप की परंपराओं को जीवित रखने का काम किया। इतिहास को संरक्षित करने में उनका योगदान रहा। सामाजिक सरोकारों में उनका बेमिसाल योगदान रहा।

## कलाकारों के लिए आकार ले रही आर्टिस्ट रेजीडेंसी

**उदयपुर,** । झीलों की नगरी में जल्दी ही कलाकारों को ठिकाना मिलेगा। वे यहां रहकर अपनी कला को उकेर सकेगे सकेंगे। आर्टिस्ट रेजीडेंसी नाम से बनरहे ये कॉटेज देश भर के कलाकार अपने खर्च से बनवा रहे हैं। इसका उद्देश्य झीलों की नगरी में महज कला को बढावा देना है। यह निर्माण अंबा माता क्षेत्र में चरक छात्रावास के पास टखमण कला संस्थान परिसर में हो रहा है। इसके लिए काम करने वाले आर्किटेक्ट से लेकर मार्बल व्यापारी तक इसे बिना कोई शुल्क या मेहनताना लिए बनवा रहे हैं। शहर के कलाकार, कला प्रेमियों के साथ देशभर के कलाकार भी सहयोग कर रहे हैं। पहले चरण में कॉटेज का काम शुरू हो गया है। यह 3 माह में पूरा होगा। इन कॉटेज में आर्ट वर्क के लिए आने वाले कलाकार ठहर सकेंगे। संस्थान के सचिव संदीप पालीवाल के अनुसार टखमण में सालभर में देश.विदेश से 100 से ज्यादा कलाकार आते हैं। इनमें से कई ऐसे भी होते हैं जो कई महीनों तक यहां रूककर रेजीडेंसी आर्ट करने की इच्छा जाहिर करते हैं। संस्थान में स्टूडियो और आर्ट गैलरी है, लेकिन ठहरने की सुविधा के अभाव में वे रुक नहीं पाते। लंबे समय से यह प्रोजेक्ट विचाराधीन था। अब इसका काम शुरू हो गया है।संस्था के सदस्य व सीनियर आर्टिस्ट रघुनाथ शर्मा ने बताया कि इसमें विशेष योगदान कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित दिल्ली के कलाकार स्वर्गीय ए. रामचंद्रन का है। वे लंबे समय तक उदयपुर में आर्ट वर्क के लिए आया आते रहे थे।

## दिव्य कला मेला कल से

**उदयपुर,** । झीलों की नगरी उदयपुर में 21 से 30 मार्च तक राष्ट्रीय दिव्य कला मेले की मेजबानी करेगा। केंद्र सरकार के दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग की ओर से यह मेला नगर निगम के टाउन हॉल परिसर में लगेगा। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री 21 मार्च को शाम 4 बजे मेले का उद्घाटन करेंगे।

मेला सुबह 11 से रात 9 बजे तक चलेगा। देशभर के 20 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 100 से अधिक दिव्यांग उद्यमी और कलाकार अपने हस्तशिल्प, हथकरघा, कढाई के काम, पैकेज्ड फूड सहित कई उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे। गृह सज्जा, जीवनशैली, कपडे, स्टेशनरी, जैविक उत्पाद, खिलौने, आभूषण और क्लच बैग जैसी सैकडों वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी।

## कर जमा नहीं करवाने वाले भार वाहनों की जब्ती

**उदयपुर,** । परिवहन विभाग द्वारा मार्च माह के अंतिम दिवसों में नियमित एवं बकाया कर जमा नहीं करवाने वाले भार वाहनों की जब्ती की कार्यवाही जारी है। बुधवार को 35 भार वाहनों को कर जमा नहीं करवाने पर जब्त कर लिया गया है। अब तक 150 जब्तशुदा वाहनों से 3.50 करोड़ की जुर्माना राशि वसूली गई है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्यों की शत-प्रतिशत वसूली करने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कमर कस ली है और इसके लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहें हैं। आज 4200 वाहन स्वामियों को परमिट शर्तों के उलुंघन का दोषी मानते हुए उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के तहत परमिट निलम्बन की कार्यवाही करते हुए उन्हें 24 मार्च को आर टी ओ ऑफिस में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस वित्त वर्ष में उदयपुर परिवहन क्षेत्र को 762 करोड़ रू. का राजस्व लक्ष्य आवंटित किया गया था जिसके विरूद्ध अब तक 602 करोड़ रू. की वसूली हो चुकी है। राजस्व अर्जन में उदयपुर परिवहन क्षेत्र में सलूम्बर जिला अव्वल और बांसवाड़ा दूसरे नम्बर पर है। विश्वकर्मा ने बताया कि उदयपुर परिवहन क्षेत्र में कुल 14492 भारी वाहन है जिसमें से अभी तक 6833 वाहनों से 24 करोड़ रुपये कर के रूप में प्राप्त हो चुके हैं। अभी भी 7660 भार वाहन ऐसे हैं जिन्होंने सरकार का टैक्स जमा नहीं करवाया है। इन वाहनों से टैक्स की वसूली मय ब्याज़ और पेनल्टी के की जा रही है। उन्होंने बताया कि एडिशनल आरटीओ नानजीराम गुलसर एवं डीटीओ नितिन बोहरा के नेतृत्व में अब तक 12310 वाहनों के चालान और अब तक 150 से अधिक वाहनों को जब्त कर उनसे 3.50 करोड़ की जुर्माना राशि वसूली गई है। इसी प्रकार की सघन कार्यवाही क्षेत्र के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद एवं सलूंबर जिलों में जिला परिवहन अधिकारियों द्वारा विभागीय उड़नदस्तों के साथ दिन-रात की जा रही है।

## लॉटरी निकाली

**उदयपुर,** । किसानों के प्रोत्साहन हेतु जारी कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी समिति में बुधवार को ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई। यह लॉटरी माह 1 जुलाई 2024 सें 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि में कृषकों द्वारा मण्डी में विक्रय की गयी उपज पर जारी विक्रय पर्ची एवं ई-भुगतान पर जारी कुपनों की संभाग स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) वार सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा निकाली गई।

कार्यक्रम में लॉटरी समिति के सदस्य क्षेत्रीय उप निदेशक पंकज पारख व सचिव मदनलाल गुर्जर भी उपस्थित रहें। इस लॉटरी में 50,000 रूपयें के प्रथम पुरस्कार विजेता निम्बाहेड़ा के कृषक केसरदान पुत्र अमरा जी, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रूपयें कृषि उपज मण्डी समिति फतहनगर निवासी लालूराम एवं तृतीय पुरस्कार 20,000 रूपये कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) उदयपुर के जय सिंह के नाम रहा। क्षेत्रीय उप निदेशक पंकज पारख ने उपस्थित किसानों को कृषक उपहार योजना की विस्तृत जानकारी दी ।

## कार्यकारणी की बैठक आयोजित

**उदयपुर,** । रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा उदयपुर के कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम सिटी वार सिंह भी उपस्थित थे। कलक्टर ने जनहित एवं मानव सेवा के कार्यों को प्राथमिकता से करने की बात कही। जिला कलेक्टर ने आगामी गतिविधियों के संबंध में चर्चा करते हुए प्रशासान, उद्यमियों एवं शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े सेवाभावी व्यक्तियों व भामाशाहों को जोड़ते हुए जरूरतमंदों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराते हुए उनका भला करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सेवाभावी भामाशाहों के सहयोग से सार्वजनिक चिकित्सालय में चिकित्सा उपकरणों एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दें। उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष हेतु तथा अगले तीन माह की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मेहता ने विद्यालयी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्राथमिक चिकित्सा हेतु जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने भारत सरकार के प्रोजेक्ट निशय मित्र योजना पर चर्चा करते हुए इस हेतु सीएमएचओ के साथ बैठक आयोजित करने, जिला परिवहन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित कर आगे की रूप रेखा बनाने को कहा।

शाखा चेयरमैन डॉ. गजेंद्र भंसाली ,मानद सचिव सुनील गांग, रणवीर सिंह मेहता, उपाध्यक्ष नक्षत्र तलेसरा ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव गांग ने वर्तमान कार्यकाल के 2 वर्ष 6 माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं अध्यक्ष डॉ.गजेंद्र भंसाली ने शाखा द्वारा लिए गए नवीन परिसर सिटी सेंटर की जानकारी साझा की। उन्होंने नवीन स्थान पर चार मंजिला भवन निर्माण के साथ ब्लड बैंक, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, डायग्रोस्टिक सेंटर आदि व्यवस्थाओं के लिए चार मंजिला भवन निर्माण की भावना रखी।

## युवक पर हमला

**उदयपुर,** 19 मार्च। होली पर अपने मित्र को रंग लगाने के लिए एक युवक पर कुछ युवकों ने शराब के पैसों की मांग को लेकर हमला कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र जमनालाल सालवी निवासी सेंट्रल एरिया रेती स्टैंड हिरणमगरी ने रिपोर्ट दी कि मैं 14 मार्च को शाम 5.30 से 6 बजे के बीच रेती स्टैंड भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप (राज फिलिंग स्टेशन) के पीछे मेरे दोस्त को होली रंग लगाने गया था, जहाँ पहुँचते ही मेरा पीछा करते हुए 5 लडके वहां आए और जबरन मुझसे शराब पीने के पैसे मांगते हुए मारपीट तथा गाली-गलौच करने लगे। मैं कुछ समझ पाता इससे पहले ही उन्होंने मुझे मारपीट कर नीचे गिरा दिया और उनमें से एक लडके ने चाकू निकाला और मेरे ऊपर वार करने किया। मैं जैसे-तैसे वहां से अपनी जान बचाकर भाग गया।

मेरी गाडी वहीं छूट गई थी जिसको लेने में कुछ देर बाद आया और अपनी गाडी लेकर हॉस्पिटल गया और अपना ईलाज करवाया। यह पूरा घटनाक्रम मेरे ही पडोस के मोहल्ले में रहने वाले लडकों ने किया है।

## ओपन हार्ट सर्जरी के ह्रदय का छेद का सफल उपचार

**उदयपुर,** । पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ह्रदय का छेद बंदकर बडी उपलब्धि हासिल की है।

पिम्स के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि पिम्स हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने कार्डियोलॉजी विभाग में एक मरीज का बिना चीरफाड के ह्रदय का छेद बंद किया है। मरीज का इलाज चिरंजीवी योजना के तहत निशुल्क किया गया। सीनियर सलाहकार और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन और उनकी टीम ने ह्रदय में जन्मजात छेद (पेटेंट डुक्टस आर्टेरिओसुस) को बंद करने के लिये पीडीए डिवाइस क्लोजर सर्जरी की। अग्रवाल ने बताया कि सामान्यतः जन्म के कुछ महीने के बाद ह्रदय की दोनों मुख्य धमनियों के बीच मार्ग स्वतःबंद हो जाता है लेकिन किसी-किसी केस में ऐसा नहीं होता और वह मार्ग खुला रह जाता है। इसे सामान्य भाषा में दिल में छेद होना तथा मेडिकल भाषा में पीडीए कहा जाता है।

सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन ने बताया कि इस विकार से ग्रस्त लोगों को तेज चलने, सीढी चढने के दौरान सांस फूलने, चक्कर आने, कमजारी महसूस होने की समस्या होती है तथा इनका शारीरिक विकास सामान्य लोगों की अपेक्षा कम होता है। पीडीए में डिवाइस क्लोजर तकनीक से दिल के छेद को बंद किया जाता है।

पीडीए डिवाइस क्लोजर एक छतरीनुमा डिवाइस होता है जिसमें दो छतरियां तथा बीच में एक नलिकानुमा हिस्सा होता है। इसे एक नली के रूप में ह्रदय के छेद तक पहुंचाया जाता है। सर्जरी और बाकी प्रक्रिया सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश जैन ने की। इसमें कॉर्डिक एनेथेस्टिक डॉ. विपिन सिसोदिया, सीटीवीएस सर्जन डॉ. विवेक रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## यूडीए कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**उदयपुर,** । उदयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में बुधवार को संभागीय आयुक्त एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष प्रज्ञा केवलरमानी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित 85 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया कर परिवादियों को राहत प्रदान की गई। शेष परिवादों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई में अधिकतर प्रकरण विभिन्न कॉलोनियों में सड़क, पेयजल, नाली साफ-सफाई एवं पुराने पट्टे के प्राप्त हुए जिन पर कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्राधिकरण आयुक्त ने बताया कि प्रशासनिक सुधार विभाग की तर्ज पर माह के तृतीय बुधवार को मासिक रूप से जनसुनवाई की जाएगी, प्राप्त प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा ।

## राज्यपाल बागड़े आज उदयपुर में

**उदयपुर,** 19 मार्च। प्रदेश के राज्यपाल हरिभाउ किशनराव बागड़े एक दिवसीय प्रवास पर 21 मार्च को उदयपुर आएंगे। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि राज्यपाल श्री बागड़े 21 मार्च को शाम 4.25 बजे राजकीय विमान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे।

## कहां गई चिड़िया रानी....

### घरों से गायब होती गोरैया

- उल्लास और परम्परा की संवाहक वही गौरैया अब संकट में है। आज विकास की दौड में गांव-शहरों में उग आए सीमेंट के जंगलों और पेडों के स्थान पर उगे बिजली व मोबाईल के टावरों ने इस गोरैया को घरों से गायब सा कर दिया है
- गोरैया किसानों की मित्र मानी जाती है

**उदयपुर** । चीं-चीं कर आती और घर-आंगन में फुदकती...नन्हीं सी चिड़िया...जो कभी घरों की शान थी। कच्चे घरों की खपरैल के बीच, दिवार की दरारों, तस्वीरों के पीछे, गडर के कोनों, टीन-टप्परों व छज्जों के नीचे तथा छत पर पानी के नालदों में तिनकों से बनाये हुए इनके घौंसले देखे जाते थे। इनकी चहचहाहट से वीरान घर भी आबाद और जीवंत होते रहते थे। इसी नन्हीं चिड़िया को दाना-पानी देकर देखभाल करते घर के छोटे बच्चों से लेकर बूढ़े हाथ कभी भी थकते नहीं थे। प्राचीन काल से ही हमारे संस्कृति, स्वतंत्रता, उल्लास और परम्परा की संवाहक वही गौरैया अब संकट में है। आज विकास की दौड में गांव-शहरों में उग आए सीमेंट के जंगलों और पेडों के स्थान पर उगे बिजली व मोबाईल के टावरों ने इस गोरैया को घरों से गायब सा कर दिया है। आज विश्व गोरैया दिवस पर एक रिपोर्ट :

**किसानों की मित्र है नन्हीं गोरैया :** उदयपुर के पक्षीविद् विनय दवे बताते हैं कि सामान्य बोलचाल में जिसे चिड़िया कहा जाता है, वह हमारी गोरैया ही है। गोरैया एक छोटे आकार की चिड़िया है। इसके पंख काले या घूसर रंग के होते हैं। गोरैया की लम्बाई 14-18 सेमी के बीच होती है। इसका सिर गोल, पूंछ छोटी व चोंच नुकीली पिरामिडाकार होती है। गोरैया विवर नीडन है यानि कि ये अपना घोसला पेड़ों, चट्टानों, घरों या इमारतों के विवर में बनाना पसंद करती है। इसके प्रजनन का समय अप्रेल से अगस्त तक है, हालांकि कई जगह पूरे साल इसके घोंसलें देखे गये हैं। यह एक बार में 4-5 अंडे देती है। अंडे का रंग सफेद, हल्का नीला, सफेद या हल्का रंग-सफेद होता है। ऊष्मायन अवधि 11-14 दिन है। इसके चूजे 14-16 दिनों में उड़ने लगते है। दवे बताते हैं कि गोरैया किसानों की मित्र मानी जाती है। गोरैया कीटभक्षी है और यह हज़ारों वर्षों से खेतों और हमारे घर-आंगन में कीट-पतंगों, मक्खी, मच्छर, मकड़ियां, इल्लियां आदि को खाकर पर्यावरण को संतुलित करती है और हमारे जीवन को सहज बनाने में मदद करती है। वह अपने चूजों को भी वो इल्लियां खिलाती है जो फसल को नुकसान पहुंचाती हैं। इस मायने में गोरैया स्वस्थ पर्यावरण की जैव-सूचक है। पक्षी विशेषज्ञ और जनसंपर्क उपनिदेशक डॉ. कमलेश शर्मा बताते हैं कि अत्यधिक शहरीकरण व पक्के आवासों के कारण गोरैया को अपना घौंसला बनाने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। अब इनके लिए न तो खपरैल है और ना ही टीन टप्पर। पक्के मकान भी बन चुके हैं और इनके दरवाजे गोरैया के लिए बंद हो चुके हैं। खिड़कियों और रोशनदानों पर जाली लगाए जाने के कारण इनकी पहुंच घरों के भीतर नहीं हो पा रही है और ये घौंसलें नहीं बना पा रही है। दूसरी तरफ इनकी आश्रय स्थली पेड़ों व झाड़ियों की बेतहाशा कटाई के कारण प्रजनन के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिल पा रहा है और अब इनका अस्तित्व अब खतरे में दिखाई दे रहा है। इसके अलावा फसलों में कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से इनके मुख्य भोजन कीट-पतंगों की कमी के कारण भी ये गायब हो रही हैं। विभिन्न शोधों में यह भी बताया जाता है कि मोबाईल टावरों के रेडिएशन के कारण भी इसकी प्रजनन क्षमता में कमी आ रही है और इससे लगातार इनकी संख्या कम हो रही है। यह सुखद है कि अब पशुपक्षियों के प्रति संवेदनशील लोगों के कारण नन्हीं गोरैया के लिए घरों में लकड़ी और गत्ते के कृत्रिम घौंसलें लगाने का प्रचलन बड़ा है और इन घौंसलों में अब ये अपनी वंशवृद्धि भी कर रही है।

**अखिल विश्व में है गोरैया का गौरव :** उदयपुर की पक्षीप्रेमी डाक टिकट संग्रहकर्ता पुष्पा खमेसरा बताती है कि प्राकृतिक रूप से गोरैया भारत के साथ यूरोप, अफ्रीका, एशिया, म्यांमार व इंडोनेशिया में आसानी से देखी जा सकती है। गोरैया का गौरव समूचे विश्व में है इसी कारण अब तक भारत सहित 20 से अधिक देशों में गौरैया पर डाक टिकट किए गए हैं। खमेसरा के अनुसार गोरैया पर युगोस्लाविया में 1982 में पहली बार डाक टिकट जारी की गई। भारतीय डाक विभाग ने 9 जुलाई 2010 को गोरैया पर पाँच रुपये मूल्य वर्ग का डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट में एक नर व मादा गोरैया को दर्शाया गया है।

## दो चचेरे भाईयों पर हमला

**उदयपुर,** । मंदिर पर जाने के लिए रास्ते के विवाद के चलते कुछ युवकों ने दो चचेरे भाईयों पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तख्त सिंह देवडा पुत्र पदम सिंह निवासी मिकार्डो किड्स स्कूल के पीछे लौडावतो का फलां खेडा सर्कल के पास सवीना खेडा ने रिपोर्ट दी कि 15 मार्च को मैं सुबह मेरे घर के पास स्थित भैरूजी बावजी के मंदिर में पूजा करने के लिये गया था। तब वापस आते समय राम सिंह, भगवत सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह व भैरूसिंह ने मुझे रास्ते में रोक कर मुझसे पुछा की तेरे कोई दिक्कत है तो मैने कहा की मुझे तो कोई दिक्कत नहीं है तब तक राम सिंह ने मेरे सर पर लोहे के सरिए से जान से मारने की नीयत से वार किया, जिसे मैंने अपने हाथ से बचाया। साथ खडे भैरु सिंह, भगवत सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह सभी ने मुझ पर पत्थर, लट्ठ व सरियों से ताबड तोड वार करना शुरु कर दिए। हो-हल्ला सुन कर मेरा चचेरा भाई डुले सिंह पुत्र प्रेम सिंह बीच-बचाव करने आया तो इन लोगो ने उसके साथ भी लट्ठ व सरियों से मारपीट की, जिससे मेरे भाई के माथे व शरीर के अन्य हिस्सों में चोंटे आई। इसके बाद ये लोग वहां से भाग गए। उसके बाद मैने अपने घर पर फोन लगाया जिस पर हमारे परिवारवाले मौके पर आए और हम सब सवीना थाने उपस्थित हुए।

## सार-समाचार

### गिट्स में वाइब्रेंस का शुभारंभ

**उदयपुर,** । गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव वाइब्रेंस 2025 का शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव 19 से 22 मार्च तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों के लिए इंटर और इंट्रा स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एस एम प्रसन्ना ने बताया कि वाइब्रेंस 2025 न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह हमारे छात्रों को सीखने, प्रतिस्पर्धा करने और आनंद लेने का अवसर भी प्रदान करता है। आज के समय में तकनिकी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान आवश्यक हो गया है इसलिएहम चाहते हैं कि हमारे छात्र तकनिकी शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी निपुण बनें। इस उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा शिक्षा के साथ मनोरंजन को जोडना है। 4 दिन तक चलने वाले इस प्रोग्राम में तीन दिनों में विभिन्न खेलों जैसे क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज, और एथलेटिक्स जैसे खेलों शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। साथ ही एन पी टी इ एल प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले, सेमस्टर में में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले, भारत व राज्य सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न हेकथनो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। संयोजक डॉ पारस कोठारी के अनुसार तीन दिवसीय महोत्सव का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा, जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक और फैशन शो जैसे रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन छात्रों के लिए मनोरंजन और आनंद से भरपूर होगा, जहां वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और पूरे महोत्सव की खुशियों को साझा करेंगे। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक बी एल जागींड ने कहा कि छात्रों की मेहनत और समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की गई है, जिससे वे भविष्य में भी अपने अकादमिक लक्ष्यों और जीवन में आने वाले व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रेरित हों सके।

### विद्यार्थियों का चयन

**उदयपुर,** । जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक विभाग डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में आईटी कंपनी रिवेंसर, एसकेजे इन्फोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया। संस्थान निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत ने बताया की उक्त कैंपस प्लेसमेंट में विभाग में अध्यनरत बीसीए,एमसीए, एमएससी, , पीजीडीसीए के विधार्थी काफी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए. एसकेजे इन्फोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के विशेषज्ञ लियो सर ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम आईटी कंपनी के बारे में परिचय कराया, तत्पश्चात एचआर हेड रोहन कालरा के निर्देशन में विभिन्न पदों हेतु एक्सपर्ट टीम द्वारा विभिन्न चरणों में प्री-प्लेसमेंट वार्ता, योग्यता और तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया । उक्त चयन प्रक्रिया के सम्पूर्ण होने के पश्चात कंप्यूटर विभाग के 28 विधार्थियों का अंतिम रूप से अच्छे पैकेज पर चयन किया गया ढ्ढ उक्त कैंपस प्लेसमेंट में डॉ मनीष श्रीमाली, डॉ भारत सिंह, डॉ गौरव गर्ग, डॉ प्रदीप सिंह शक्तावत, डॉ भरत सुखवाल, डॉ दिलीप चौधरी, दुर्गाशंकर, मुकेश नाथ, त्रिभुवन सिंह बमनिया, मनोज यादव उपस्थित थे।

### शिविर का शुभारंभ

**उदयपुर,** । महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर एवं कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनील जोशी, डीन, सीटीएई उदयपुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसकी शुरुआत अपने हॉस्टल और कॉलेज से करें। उन्होंने स्वच्छता और छात्रावास में साफ-सफाई को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. पुखराज सुखलेचा ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का उल्लेख करते हुए राष्ट्र सेवा के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. शेखावत ने विशेष शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर सात दिनों तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रो. विवेक मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ‘मृत्युंजय’ नाटक रविवार को

**उदयपुर,** । पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या ‘रंगशाला’ में रविवार 23 मार्च 2025 को शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर नाटक ‘मृत्युंजय’ का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर ‘मृत्युंजय’ नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक हरीश पंवार तथा लेखक फरहान शेख है। इस नाटक की कहानी शहीद भगत सिंह के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें उनके द्वारा किए गए देशहित के कार्यों और क्रांतिकारी गविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

### विनोद साहू तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उदयपुर,** । दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 22 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक विनोद साहू को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है । यह जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित होने वाली खेलो इंडिया पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय निर्णायक विनोद साहू , 21 मार्च को दिल्ली रवाना होंगे। साहू पूर्व में भी वर्ष 2023 में दिल्ली में आयोजित हुई खेलो इंडिया पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के मुख्य तकनीकी अधिकारी रह चुके हैं । वर्तमान में साहू राजस्थान के एकमात्र पावरलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक केटेगरी वन है । जिन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक एवं चीफ जूरी की भूमिका अदा कर चुके हैं ।

### भाई पर चाकू से हमला कर घायल किया

**उदयपुर,** । शहर के समीप बडगांव थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही भाई के खिलाफ चाकू से हमला कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार हितेश कुमार पुत्र रमेश चन्द्र खटीक निवासी थूर ने अपने भाई विनय प्रकाश उर्फ मोनू के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी मीट की दुकान जो बरोडिया चौकी के पास है वहां पर बैठा था। वहां पर उसका भाई दारू पीकर आया व उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट करने लगा व चाकू निकालकर उसके पेट पर मार दिया और धमकाने लगा कि यह दुकान उसकी है। पीडित ने बताया कि यह दुकान उसके पिता की होकर उसकी माता का हक है। भाई विनय प्रकाश दुकान हडपना चाहता है। आरोपी माताजी को भी गाली-गलौच करता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट

**उदयपुर,** । जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने कुछ महिलाओं सहित युवकों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार दुदाराम पुत्र कना डांगी निवासी राणाकुई करणपुर वल्लभनगर ने भैरूलाल पुत्र नाथू डांगी, किशन पुत्र भैरूलाल डांगी, विक्रम पुत्र नारू डांगी, संजू पुत्र सुखलाल डांगी, भंवर पुत्र लालू डांगी, नवलराम पुत्र लच्छा डांगी, सुखलाल पुत्र लच्छा डांगी, गणेश पुत्र दीपा डांगी, माना पुत्र दीपा डांगी निवासी राणाकुई वल्लभनगर धन्नीबाई पत्नी भंवरलाल डांगी निवासी किकावास, नंदूबाई पत्नी मांगीलाल डांगी निवासी ढिमडा, लोगरीबाई पत्नी भंवर डांगी निवासी राणाकुई डगरिया बस्ती वल्लभनगर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि वह अपने घर पर काम कर रहा था। इस दौरान ये आरोपी उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की, जिससे वह अधमरा हो गया। बाद में आरोपियों ने उसे अकेला मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से डोडा-चूरा बरामद

**उदयपुर,** । जिले की फतहनगर थाना पुलिस ने अवैध रूप से डोडा-चूरा परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किलो 288 ग्राम डोडा-चूरा बरामद किया है।